Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 08-03-2007

Participants : Thummar Shri Virjibhai

Title: Need to introduce a train from Mahua in Gujarat to Mumbai (Bandra) in Maharashtra.

श्री वी.के. ठुम्मर (अमरेली) : महोदय, सौराट्र को रेलवे की सुविधा अन्य क्षेत्रों की तरह से नहीं मिल रही है। मेरे संसदीय क्षेत्र के लोगों को तो रेलवे की सुविधा नाममात्र की ही मिल रही है। मेरे संसदीय क्षेत्र से अन्य क्षेत्रों के लिए कोई भी सीधी रेल सेवा नहीं है। हालांकि मेरे संसदीय क्षेत्र के एक क्षेत्र में महुआ से धोला तक मीटर गैज को ब्राड गेज लाईन में बदला गया है। परन्तु इस रेलवे खंड से अभी तक अन्य क्षेत्रों के लिए कोई भी सीधी रेल सेवा नहीं है। अतः महूआ से धोला, अहमदाबाद, सूरत होते हुए ब्राद्रा के लिए सीधी रेल सेवा डायमंड चलाई जा सकती है। सूरत और मुम्बई में जो कारीगर काम करते हैं वे सौराट्र से जाते हैं, परन्तु उनको सूरत अहमदाबाद एवं ब्राद्रा तक जाने के लिए कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसलिए महूआ बरास्ता धोला, अहमदाबाद सूरत होते हुए ब्राद्रा के बीच डायमंड एक्सप्रेस नाम से एक रेल सेवा जल्द चलाई जाए। साथ ही धोला और महूआ के बीच मीटर गैज वाले प्लेटफार्म हैं वहां भी ब्रॉड गैज वाले प्लेटफार्म बनाये जायें।

सदन के माध्यम से अनुरोध है कि उपरोक्त कार्यो की स्वीकृति देकर इन्हें तत्काल इस क्षेत्र के औद्योगिक विकास के लिए उ परोक्त कार्य को करवाने की कृपा करें।